NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7

Subject : हिन्दी

Chapter : 7

Chapter Name : पुस्तकें जो अमर है

Q1 पाठ से

(क) सी ह्यांग ती के समय में पुस्तकें कैसे बनाई जाती थीं ?

(ख) पाठ के आधार पर बताओ कि राजा को पुस्तकों से क्या खतरा था ?

(ग) पुराने समय से ही अनेक व्यक्तियों ने पुस्तकों को नष्ट करने का प्रयास किया । पाठ में से कोई तीन उदाहरण ढूँढ़ कर लिखो ।

(घ) बार-बार नष्ट करने की कोशिशों के बाद भी किताबें समाप्त नहीं हुईं । क्यों?

Answer. (क) सी ह्यांग ती के समय में पुस्तकें लकड़ी पर अक्षर खोदकर बनाई जाती थीं क्योंकि उस समय कागज़ का आविष्कार नहीं हुआ था । अतः लकड़ी के टुकड़ों पर किताबें बनाई जाती थीं ।

(ख) राजा को लगा कि किसी ने उसके पूर्वज राजाओं के बारे में यदि बुरा-भला लिखा होगा ,तो उसकी प्रजा पर इससे गलत प्रभाव पड़ेगा। यदि ऐसा होगा तो प्रजा विद्रोह कर सकती है । अतः राजा ने सभी पुस्तकें जलवा दी ।

(ग) निम्नलिखित उदाहरणों से पता चलता है कि तीन बार पुस्तकों को नष्ट करने का प्रयास किया गया था –

- सबसे पहले चीनी सम्राट सी ह्यांग के नाम का उदाहरण दिया गया है । उसने अपने समय में राज्य में विद्यमान सभी पुस्तकों को जलवा दिया था ।
- दूसरा उदाहरण भारत में छठी शताब्दी में नालंदा विश्वविद्यालय था । इसे आक्रमणकारियों ने जलाकर राख कर दिया था ।
- तीसरा उदाहरण प्राचीन नगर सिकंदरिया में स्थित एक बड़े पुस्तकालय का है । इसे भी जान-बूझकर जला दिया गया था ।

(घ) बार-बार नष्ट करने की कोशिशों के बाद भी किताबें समाप्त नहीं हुईं । क्योंकि पुस्तक प्रेमियों ने उसे कंठस्थ किया हुआ था । इसलिए पुस्तकें जलाने के बाद भी लोगों के मन के अंदर जीवित रहीं ।जैसे ही राजा की मृत्यु हुई, लोगो ने उन्हें फिर से लकड़ी पे लिख दिया और पुस्तकें फिर से उपलब्ध हो गयीं।

Page : 39, Block Name : पाठ से

aglasem.com

Q2. तुम्हारी बात

(क) किताबों को सुरक्षित रखने के लिए तुम क्या करते हो ?

(ख) पुराने समय में किताबें कुछ लोगों तक ही सीमित थीं । तुम्हारे विचार से किस चीज़ के आविष्कार से किताबें आम आदमी तक पहुंच सकीं ।

Answer :(क) किताबों को सुरक्षित रखने के लिए मैं उन्हें पुस्तकों की अलमारी में ही रखता हूँ । समय-समय पर उनकी साफ़ सफ़ाई करता हूँ । पुस्तकों पर कवर चढ़ाकर रखता हूँ ताकि उन्हें कोई नुकसान न पहुंचे।

(ख) पुराने समय में पुस्तकें आम आदमी की पहुंच से इसलिए बाहर थी क्योंकि वह लकड़ी के टुकड़ों या पत्थरों पर उकेर कर बनाई जाती थी।कागज़ के आविष्कार के बाद पुस्तकें आम आदमी तक पहुंच पाई ।

Page : 39 , Block Name : तुम्हारी बात

aglasem.com

Q3 सही शब्द भरो

(क) साहित्य की दृष्टि से भारत का ………………..महान है ।(अतीत / भूगोल)

(ख) पुस्तकालय के तीन विभागों को जलाकर ………………..कर दिया गया । (गर्म / राख)

(ग) उसे किताबों सहित …………………में दफना दिया गया । (जमीन आकाश)

(घ) कागज़ ही जलता है , ……………..तो उड़ जाते हैं । (शब्द / पांडुलिपियाँ)

Answer : (क) साहित्य की दृष्टि से भारत का <u>अतीत</u> महान है।

(ख) पुस्तकालय के तीन विभागों को जलाकर <u>राख</u> कर दिया गया ।

(ग) उसे किताबों सहित <u>ज़मीन</u> में दफना दिया गया ।

(घ) कागज़ ही जलता है, <u>शब्द</u> तो उड़ जाते हैं ।

Page : 39 , Block Name : सही शब्द भरो

Q4 पढ़ो , समझो और करो

इतिहास- इतिहासकार

शिल्प …………..

गीत ………….

संगीत …………

मूर्ति ………….

रचना …………….

Answer :

इतिहास इतिहासकार

शिल्प शिल्पकार

गीत गीतकार

संगीत संगीतकार

मूर्ति मूर्तिकार

रचना रचनाकार

Page : 40 , Block Name : पढ़ो , समझो और करो

Q5दोस्ती किताबों से

(क) तुमने अब तक पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त कौन-कौन सी पुस्तकें पढ़ी हैं? उनमें से कुछ के नाम लिखो।

(ख) क्या तुम किसी पुस्तकालय या पत्रिका के सदस्य हो? उसका नाम लिखो।

Answer:

(क) मैंने पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त चन्दन, चम्पक, गोपिन व कुछ कॉमिक्स पढी हैं|

(ख) मैं अपने शहर के एक पुस्तकालय 'यूनिवर्सल लाइब्रेरी' का सदस्य हूँ।

Page : 40 , Block Name : दोस्ती किताबों से

Q6 कहानी किताब की

मान लो कि तुम एक किताब हो। नीचे दी गई जगह में अपनी कहानी लिखो।

मैं एक किताब हूँ। पुराने समय से……………………………………………………..

aglasem.com

……………………………………………………………………………………………..
……………………………………………………………………………………………..

Answer: मैं एक किताब हूं। पुराने समय से अब तक काफी बदलाव हो गया है। पहले मैं लकड़ी के टुकड़ों पर लिखी जाती थी क्योंकि पहले छापने के लिए प्रिन्टिंग प्रेस नहीं हुआ करते थे।लेकिन अब वक़्त बदल गया है। मुझे छापने के लिए प्रिन्टिंग प्रेस है। मुझे हजारों की संख्या में छाप दिया जाता है। लोगों तक पहुंचने के लिए मेरे साधन भी कई हो गए हैं। अब लोग मुझे इंटरनेट व कंप्यूटर की मदद से ऑनलाइन भी पढ़ सकते हैं।

Page : 40 , Block Name : कहानी किताब की

Q7 वाक्य विश्लेषण

किसी भी वाक्य के दो अंग होते हैं- उद्देश्य और विधेय। वाक्य का विश्लेषण करने में वाक्य के इन दोनों खंड़ों और अंगों को पहचानना होता है।

वाक्य- मेरा भाई मोहन कक्षा सात में हिंदी पढ़ रहा है|

मुख्य उद्देश्य	कर्ता का विशेषण	क्रिया	कर्म	कर्म का विशेषण	पूरक	विधेयक विस्तारक
मोहन	मेरा भाई	पढ़ रहा है	हिंदी	-	-	सात कक्षा में

नीचे लिखे वाक्य का विश्लेषण करो।

मोहन के गुरू जी श्याम पट्ट पर प्रश्न लिख रहे हैं।

Answer: मोहन के गुरू जी श्याम पट्ट पर प्रश्न लिख रहे हैं।

aglasem.com

मुख्य उद्देश्य	कर्ता का विशेषण	क्रिया	कर्म	विधेयक विस्तारक
मोहन	गुरू जी	लिख रहे हैं	प्रश्न	श्याम पट

Page : 40 , Block Name : वाक्य-विश्लेषण

Q8 बातचीत

आगे 'किताबें' नामक कविता दी गई है | उसे पढ़ो और उस पर आपस में बातचीत करो |

Answer - छात्र स्वयं करें

Page : 40 , Block Name : बातचीत

aglasem.com